**भारत सरकार, रेल मंत्रालय**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

**7वें सीपीसी के तहत लेवल 1 के विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए सीईएन सं. 09/2025**

**<u>संशोधित संभावित सीबीटी शेड्यूल</u>**

1. **दिनांक 03.07.2026 की सूचना में आंशिक संशोधन करते हुए, सीईएन संख्या 09/2025 (लेवल 1) के लिए संभावित परीक्षा कार्यक्रम को निम्नानुसार संशोधित किया गया है:-**

| सीईएन सं. | पद | परीक्षा कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 09/2025 | लेवल 1 के विभिन्न पदों पर भर्ती | 3 से 6, 9 से 14, 17 से 21 और 25 अगस्त (कुल 16 दिन) |

2. **अ.जा./अ.ज.जा. के उमीद्वारों के लिए परीक्षा शहर और दिनांक देखने और यात्रा प्राधिकरण डाउनलोड करने का लिंक संबंधित सीईएन के लिए सभी आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइटों पर अंतिम परीक्षा दिनांक से 10 दिन पहले उपलब्ध करा दिया जाएगा।**
3. **परीक्षा शहर एवं दिनांक की जानकारी वाले लिंक में बताई गई परीक्षा की दिनांक से लगभाग चार दिन पहले ई-बुलावा पत्र डाउनलोड करने की सुविधा शुरू हो जाएगी।**
4. **उम्मीदवार को दो मूल पहचान दस्तावेज लाने होंगे, जिनमें से एक वही फोटो पहचान दस्तावेज होना चाहिए जो आवेदन पत्र में बताया गया है, ऐसा न करने पर उम्मीदवार को सीबीटी/परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**
5. **जिन उम्मीदवारों ने आवेदन पत्र जमा करते समय अपना आधार सत्यापित कर लिया है, उनसे अनुरोध है कि वे प्रक्रिया आसानी से पूरी करने के लिए यह सुनिश्चत कर लें कि परीक्षा केंद्र पर आने से पहले उनका आधार अकाउंट UIDAI सिस्टम में अनलॉक कंडीशन में हो, ताकि उन्हें कोई असुविधा न हो और परीक्षा के दिन पंजीकरण और परीक्षा से जुड़ी प्रक्रिया आसानी से पूरी हो सकें।**
6. **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भर्ती प्रक्रिया की नवीनतम जानकारी के लिए सिर्फ आरआरबी की अधिकृत वेबसाइटों देखें, ताकि अनधिकृत स्त्रोतों से किसी भी तरह की गुमराह करने वाली जानकारी से बचा जा सके।**
7. **उन दलालों से सावधान रहें जो गलत तरीके से नौकरी दिलाने के झूठे वादे करके उम्मीदवारों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं। आरआरबी में चयन कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) के आधार पर होता है और भर्ती सिर्फ उम्मीदवारों की मेरिट के आधार पर होती है।**

**तारीख: 30.07.2026**

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**